दिन– शनिवार दिनांक– 30 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज भारत रत्न सम्मान प्रदान करेंगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर समेत पांच हस्तियों को किया जायेगा सम्मानित।

02. राज्य में लोक सभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, नवादा, जमुई और औरंगाबाद संसदीय क्षेत्रों में आज होगी नामांकन पत्रों की जांच।

03. बिहार बोर्ड ने कक्षा एक से पांच तक के नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा का परिणाम जारी किया। तिरानवे प्रतिशत से अधिक शिक्षक हुये सफल।

04. और, राज्य में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करेंगी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले समारोह में जननायक के पुत्र और राज्य सभा सदस्य रामनाथ ठाकुर यह सम्मान ग्रहण करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। समारोह में कर्पूरी ठाकुर के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भी देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। आकाशवाणी से बातचीत में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर ने कहा कि आज का दिन शोषित और वंचित वर्ग के लिए बड़ा दिन है, जब उनके नेता को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

———बाईट———

———————————————————

राज्य में लोक सभा चुनाव के पहले चरण के लिए चार संसदीय सीटों गया, नवादा, जमुई और औरंगाबाद में दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की जांच आज की जायेगी। इन सीटों के लिए कुल बहत्तर उम्मीदवारों ने पर्चे भरे हैं। सबसे अधिक बाईस प्रत्याशियों ने गया लोक सभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भरे हैं। वहीं, औरंगाबाद से

इक्कीस, नवादा से सत्रह और जमुई संसदीय सीट से बारह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये हैं। नाम वापसी की अंतिम तारीख दो अप्रैल है। इन चारों संसदीय क्षेत्रों के लिए मतदान उन्नीस अप्रैल को होगा।

————————————————————————

नवादा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार विनोद यादव समेत ग्यारह लोगों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। वहीं, राज्य के पांच अन्य जिलों में भी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के सात अन्य मामले दर्ज किये गये हैं।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव को लेकर पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र ने सभी थानाध्यक्षों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने का निर्देश दिया है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही संबंधित क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी।

————————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पच्चीस इन्फोर्समेंट एजेंसियों की मदद ली जा रही है।

———बाईट———

————————————————————————

आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी को एक हज़ार आठ सौ तेईस करोड़ रूपए भुगतान करने का नया नोटिस दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह कर देनदारी पिछले कई वर्षों की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मुख्य विपक्षी दल को परेशान करने के लिए आयकर विभाग को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खड़गे ने कहा कि आयकर विभाग पहले से ही कांग्रेस के खातों से एक सौ पैंतीस करोड़ रूपए निकाल चुका है, यह धनराशि पार्टी को चंदे के रूप में मिली थी। इधर, भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि आयकर विभाग पर आरोप कांग्रेस की हताशा को दर्शाता है। पार्टी प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने नई दिल्ली में कहा कि कांग्रेस कर का भुगतान करने या अपील करने के लिए सही प्रक्रिया का पालन करने में विफल रही है।

————————————————————————

कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता सील करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस की ओर से आज राज्यव्यापी प्रदर्शन किया जायेगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने सभी जिलाध्यक्षों को पत्र भेजकर जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कक्षा एक से पांच तक के नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। कुल तिरानवे दशमलव तीन नौ प्रतिशत शिक्षक सफल हुये हैं। परीक्षा में एक लाख अड़तालीस हजार आठ सौ पैंतालीस शिक्षक शामिल हुये थे, जिनमें एक लाख उनतालीस हजार दस शिक्षक सफल हुये हैं। परीक्षार्थी बीएसईबी समक्षता डॉट कॉम पर अपना परिणाम देख सकते हैं। बोर्ड के अनुसार यह परिणाम पूरी तरह औपबंधिक हैं। सफल शिक्षकों की काउंसिलिंग के लिए शिक्षा विभाग द्वारा अलग से सूचना दी जायेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए समक्षता परीक्षा आयोजित करवाने का फैसला किया था। इस परीक्षा में सफल नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिलेगा।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने कम्प्यूटर साइंस विषय में उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रकाशित परिणाम को निरस्त किये जाने पर राज्य सरकार और बीपीएससी को नोटिस जारी किया है। न्यायाधीश अंजनी कुमार शरण की एकल पीठ ने एक रिट याचिका की सुनवाई करते हुये चार सप्ताह के अन्दर हलफनामा दायर करने का आदेश दिया। वहीं, एक अन्य मामले की सुनवाई करते हुये पीठ ने उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भौतिक विज्ञान के शिक्षकों की नियुक्ति के मामले में राज्य सरकार से दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

———————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कक्षा पांचवीं और आठवीं के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा का परिणाम आज जारी किया जायेगा। स्कूलों में भोजनावकाश के बाद अभिभावकों की उपस्थिति में परिणाम जारी किये जायेंगे। साथ ही रिजल्ट के आधार पर छात्रों और अभिभावकों को शिक्षक सुझाव भी देंगे।

———————————————————————

प्रदेश में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि इसके प्रभाव से आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की

सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश स्थानों पर आज सुबह से ही बादल छाये हुये हैं।

————————————————————————

बक्सर जिले के बगेन थाना क्षेत्र अन्तर्गत मनकी गांव में पिछले तीन दिनों के दौरान तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। वहीं, दो लोगों की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार शराब पीने से सभी की मौत हुई है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अधिकारियों को एक दल पूरे मामले की जांच कर रहा है।

————————————————————————

गोपालगंज जिले के मांझागढ थाना क्षेत्र के मधुसरैया गांव के पास पुलिस ने जाली नोट के कारोबार से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

भागलपुर जिले के भवानीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मौजम दियारा स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में हथियारों के साथ आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के पिपरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र अन्तर्गत जयपुर धनुकी मोहल्ला से पुलिस ने एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

बक्सर के गंगापुल के पास वाहन जांच के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने एक पिकअप वैन से सत्तर कार्टन शराब बरामद की है। मौके से चालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, मुजफ्फरपुर स्टेशन से रेल पुलिस ने दो तस्करों को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुल्हड़िया मोड़ के पास पुलिस ने एक ट्रक से दो हजार लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ चालक को गिरफ्तार किया है।

---

सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के जीएस बंगरा गांव स्थित एक ठाकुरबाड़ी से चोरों ने राम, सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां चुरा ली। चोरी गयी मूर्तियों का बाजार मूल्य लाखों रूपये बताया जाता है।

---

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर संथाली टोला में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में निर्मित और अर्धनिर्मित शराब को नष्ट कर दिया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच बिहार में लोकसभा सीटों के बंटवारे की घोषणा को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– राजद की शर्तों पर ही सीटें बंटी, फेजवाईज घोषित होंगे प्रत्याशी।

हिन्दुस्तान की प्रमुख खबर है– सक्षमता परीक्षा में कक्षा एक से पांच के तिरानवे प्रतिशत शिक्षक हुये सफल। नौ हजार आठ सौ पैंतीस गुरूजी हुये फेल।

प्रभात खबर ने लिखा है–कांग्रेस को आयकर विभाग से एक हजार आठ सौ तेईस करोड़ रूपये का नोटिस। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– एसिडिटी के चक्कर में पटना से अहमदाबाद के लिए उड़े विमान की इंदौर में आपात लैंडिंग।

दैनिक जागरण ने जम्मू–कश्मीर में हुये सड़क हादसे को पहले पन्ने पर प्रकाशित करते हुये लिखा है– बिहार के आठ श्रमिकों की मौत। तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग के कारण तीन सौ मीटर गहरी खाई में गिरा वाहन।

आज अखबार की प्रमुख खबर है– विश्वविद्यालयों का होगा अंकेक्षण। शिक्षा विभाग ने तैनात किये अंकेक्षक दल।

राष्ट्रीय सहारा ने बिल गेट्स के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातचीत को प्रमुखता दी है। अखबार प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है– प्रगति को मापने का मौजूदा पैमाना जलवायु विरोधी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज भारत रत्न सम्मान प्रदान करेंगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर समेत पांच हस्तियों को किया जायेगा सम्मानित।

02. राज्य में लोक सभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, नवादा, जमुई और औरंगाबाद संसदीय क्षेत्रों में आज होगी नामांकन पत्रों की जांच।

03. बिहार बोर्ड ने कक्षा एक से पांच तक के नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा का परिणाम जारी किया। तिरानवे प्रतिशत से अधिक शिक्षक हुये सफल।

04. और, राज्य में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।